भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जनसंपर्क विभाग
कोयला भवनकोयला नगर
धनबाद -826005 (झारखंड)
वेबसाइट: www.bcclweb.in
ई मेल: bcclprodhanbad@gmail.com
से आई एन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
KoylaBhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक: 06-11-2021

प्रेस विज्ञप्ति

बीसीसीएल की तिमाही राजभाषा समीक्षा बैठक संपन्न

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की कॉरपोरेट स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक निदेशक (कार्मिक) श्री पी वी के आर मल्लिकार्जुन राव की अध्यक्षता में दिनांक 06.11.2021 को कोयला भवन में आयोजित की गयी। इस अवसर पर श्री राव ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि सीखना और प्रगति करना जीवन भर चलता है। आप सभी निरंतर कुछ न कुछ नया सीखते रहिए और उन्नति कीजिए। आगे उन्होने कहा कि अगली तिमाही बैठक में शत प्रतिशत हिंदी पत्राचार करने वाले विभागों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा और अगली तिमाही बैठक के अवसर पर हिंदी कविता, गीत आदि प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। श्री राव ने कहा कि सभी विभाग और क्षेत्र सुनिश्चित करें कि सभी अनुपालन शत प्रतिशत किए जाएं।

बैठक के दौरान सभी क्षेत्रों और विभागों की सितंबर, 2021 तिमाही की हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान हिंदी में कम पत्राचार करने वाले विभागों और क्षेत्रों को हिंदी पत्राचार बढ़ाने के लिए सुझाव दिए गए। जिन क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशाला और तिमाही बैठकें आयोजित नहीं की गयीं उनको भी इसके आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए श्री संतोष नारायण सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं राजभाषा) ने कहा कि हिंदी को लेकर पूरी दुनिया में एक सकारात्मक छवि बन रही है। हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री सभी मंचों से हिंदी में ही संवाद करते हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

बैठक का संचालन श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन श्री उदयवीर सिंह, उप प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा दिया गया। बैठक के अवसर पर महाप्रबंधक (भूसंपदा) श्री प्रकाश चंद्रा, महाप्रबंधक (कल्याण) श्रीमती आहुति स्वाईं, महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री अमृत तोपनो, महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री बी साहा, महाप्रबंधक (आईईडी) श्री उदयेंदु दास समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक उपस्थित हुए।

उप-महाप्रबंधक(जन-संपर्क)